Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI-56/2021-23

दिनांक : 28.01.2023

सेवा में,
माननीय मंत्री, वित्त एवं वाणिज्य कर विभाग,
झारखण्ड सरकार।

विषय : 2023–24 के बजट पूर्व सलाह के संबंध में।

महोदया,

संताल परगना चैम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज, देवघर की ओर से अभिवादन!

देवघर संताल परगना का प्रवेश द्वार होने के साथ ही धार्मिक पर्यटन, व्यापारिक और औद्योगिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बना चुका है। इसी परिपेक्ष्य में देवघर सहित पूरे संताल परगना में समुचित औद्योगिक, व्यापारिक एवं पर्यटन विकास के निमित्त 2023–24 के बजट में आवश्यक प्रावधान किए जाने की आवश्यकता है।

1. राज्य के आगामी बजट में उद्योग विभाग का बजटीय प्रावधान पिछले वर्ष की अपेक्षा कम से कम दुगुना किया जाय ताकि राज्य में उद्योगों का त्वरित विकास हो सके।
2. देवघर सहित पूरे संताल परगना क्षेत्र को थ्रस्ट एवं पहाड़ी क्षेत्र घोषित कर उद्योग एवं व्यवसाय में लागू टैक्स एवं शुल्कों में गोवा और पूर्वोत्तर राज्यों की तरह टैक्स मुक्त अथवा अतिरिक्त कर रियायतें देकर यहां निवेशकों को आकर्षित करने की योजना बनायी जाय।
3. जियाडा (संताल परगना क्षेत्र) के लगभग सभी औद्योगिक क्षेत्र पूर्णतः अविकसीत हैं। अतः वर्तमान औद्योगिक क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं विशेषकर पहुंच पथ, बाउंड्री और डिमार्केशन, सड़क, नाला एवं स्ट्रीट लाइट के कार्य के लिए आगामी बजट में अतिरिक्त प्रावधान किया जाय।
4. इसके साथ ही देवघर–दुमका रोड के किनारे तथा गोविन्दपुर–साहिबगंज राष्ट्रीय उच्च पथ के किनारे नए और बड़े औद्योगिक क्षेत्र बनाने के लिए आवश्यक बजट का प्रावधान किया जाय।
5. सूक्ष्म एवं लघु उद्योग रोजगार और आर्थिक विकास का स्तंभ होता है। झारखण्ड में इसके पर्याप्त विकास के बड़े कदम अब तक नहीं उठाएं गए हैं। हमारे राज्य में मूलतः जमीन और भवन के अभाव तथा अति महंगे लागत के कारण छोटे उद्यमी अपना उद्यम लगा पाने में असमर्थ हो जाते हैं। अतः इस बार बजट में प्रत्येक जिले में एक डेडीकेटेड एमएसई इस्टेट (माइक्रो एंड स्मॉल उद्योग क्षेत्र) बनाने की घोषणा हो जिसके अंतर्गत 25 से 50 एकड़ जमीन चिन्हित कर वहां सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए 2000, 5000 और 10000 वर्गफीट के शेड बनाकर उद्यमियों को आवंटित किया जाय।
6. देवघर में प्रस्तावित अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट के काम को गति दिया जाय तथा इसके लिए भूमि अधिग्रहण एवं राज्य के हिस्से के अन्य खर्चों के लिए इस बार के बजट में राशि निर्धारित किया जाय।
7. देवघर में बढ़ते व्यावसायिक गतिविधियों के मद्देनजर एक ट्रान्सपोर्ट नगर की सख्त जरूरत है। देवघर में नवनिर्मित अंतर्राज्यीय बसअड्डा के समीप ही लगभग 10 एकड़ खाली सरकारी जमीन पर पूर्ण सुविधाओं युक्त डेडीकेटेड ट्रान्सपोर्ट नगर बनाने के लिए बजट में राशि निर्धारित किया जाय।
8. देवघर के बढ़ते फलक के मद्देनजर पर्याप्त नगरीय सुविधाओं में वृद्धि की आवश्यकता है। इसके लिए शहर के पुराना मीना बाजार (सब्जी बाजार) को पूर्णतः ध्वस्त कर उसके स्थान पर नये सिरे से मल्टी स्टोरी वेण्डिंग मार्केट बनाने के लिए बजट में राशि निर्धारित किया जाय। इसके अलावे देवघर में सार्वजनिक पार्किंग, टैम्पु स्टेंड, फुटपाथ बाजार, चौक–चौराहों के सौन्दर्यीकरण आदि के लिए नगर विकास के बजट में अतिरिक्त राशि का प्रावधान किया जाय।

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)

9. देवघर में एम्स, एसटीपीआई, प्लास्टिक पार्क, औद्योगिक क्षेत्रों में बढ़ते गतिविधियों को देखते हुए यहां एक स्कील डेवलपमेन्ट यूनिवर्सिटी की स्थापना करने की दिशा में प्रयास शुरू करना चाहिए।
10. धार्मिक क्षेत्र एवं पर्यटन विकास के लिए बैद्यनाथ सर्किट बनाकर देवघर, बासुकीनाथ, मलूटी, शिवगादी आदि संप के प्रमुखे धार्मिक स्थलों को शामिल कर संताल परगना को धार्मिक पर्यटन के क्षेत्र में समृद्ध बनाने के लिए पर्यटन बजट में उचित स्थान दिया जाय।
11. उच्च शिक्षण के क्षेत्र में पर्याप्त विकास के लिए यहां निफ्ट, इंजीनियरिंग कॉलेज, संस्कृत विश्वविद्यालय की स्थापना और देवघर कॉलेज को विश्वविद्यालय में परिणत किये जाने की जरूरत है। अतः उच्च शिक्षा में देवघर को इसके लिए पर्याप्त बजट राशि मिले।
12. देवघर के कुमैठा स्थित खेल परिसर (स्टेडियम) को उच्च स्तरीय खेल प्रशिक्षण केन्द्र एवं स्टेडियम में परिणत कर देवघर को स्पोर्टस के नक्शे में भी अग्रणी बनाया जा सकता है। खेल बजट में इसका प्रावधान किया जाय।

भवदीय,

Mallick

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

PChhawchharia

प्रमोद छावछरिया
महासचिव